बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

(राजभाषा)

सूचना

'राजभाषा' पत्रिका के लिए रचनाओं का आमंत्रण

हिन्दी त्रैमासिकी 'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–37, अंक–4 (जनवरी–मार्च, 2023) 'निराला विशेषांक' में सन्निवेशन हेतु स्तरीय रचनाएँ आमंत्रित हैं। लेखकों, कवियों एवं साहित्यकारों से अनुरोध है कि दिनांक 08.12.2023 तक सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' से संबंधित किसी भी विधा, यथा–आलेख, विरासत, व्यक्तित्व, आलोचना आदि में प्रणीत अपनी मौलिक, अप्रकाशित एवं कम्प्यूटर द्वारा टंकित या सुस्पष्ट अक्षरों में हस्तलिखित रचनाएँ, अपने जीवनवृत्त एवं पासपोर्ट आकार के रंगीन छायाचित्र, पत्राचार का पूरा पता एवं दूरभाष/चलभाष संख्या के साथ, अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय।

चयनित रचना के रचनाकारों को गद्य रचना, लघुकथा, नियमित कविता तथा छोटी कविता के लिए क्रमशः ₹2000/– (दो हजार), ₹750/– (सात सौ पचास), ₹1500/– (एक हजार पाँच सौ) तथा ₹500/– (पाँच सौ) रूपये मात्र मानदेय (इस शर्त्त के साथ कि पत्रिका में किन्हीं एक रचनाकार की अधिकतम दो लघुकथा/छोटी कविता प्रकाशित की जाएगी) का उपबंध है। मानदेय भुगतान हेतु प्रेषित रचना के साथ बैंक खाता संबंधी अग्र उल्लिखित सूचनाएँ एवं दस्तावेज संलग्न करें :– 1. बैंक का नाम....., 2. शाखा........, 3. खाता संख्या........., 4. IFSC कोड......, 5. PAN संख्या....., 6. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति......., 7. PAN कार्ड की छायाप्रति.......

रचनाओं के प्रकाशन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। अस्वीकृत रचनाओं की वापसी का प्रावधान नहीं है।

07/11/2023

(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग
ऑफिसर्स हॉस्टल, ब्लॉक–सी,
बेली रोड, पटना–800001
दूरभाष संख्या–0612–2520128

D:\VIVEK 2023\Surendra Kumar\Information (Magazine) january-march 23.doc